بسم الله الرحمن الرحيم

हज़रत मुहीउद्दीन अल ख़लीफ़तुल्लाह मुनीर अहमद अज़ीम (अ स)

23 March 2018 (04 Rajab 1439 AH)

अनुवादक : फातिमा जास्मिन सलीम
EMAIL:fjasmine14@gmail.com

जुम्मा खुतुबा

विषय:-

" वादा किये गए मसीह (अ.स.) का जीवन और विशेष कार्य।"

अपने सभी चेलों सहित सभी नए चेलों, (और दुनिया भर के सभी मुसलमानों) को शांति का अभिवादन करने के बाद हज़रत ख़लीफ़तुल्लाह (अ त ब अ) ने तशहुद ,तौज, सूरह अल फातिहा पढ़ा और फिर उन्होंने अपना उपदेश दिया : **" वादा किये गए मसीह (अ.स.) का जीवन और विशेष कार्य।"**

आज २३ मार्च २०१८ है, और वादा किया गए मसीह के बाद से १२९ साल हो गए हैं, यह ऐसा दिन है,जहाँ हज़रत मिर्ज़ा गुलाम अहमद (अ स) क़ादियानी , ने अहमदिया आंदोलन कि स्थापना इस्लाम में की, और सूफी अहमद जान लुधियाना के घर में उनके ४० शिष्यों कि निष्ठा की शपथ (बैअत)को स्वीकार किया । पहले व्यक्ति जिसने वादा किये गए मसीह (अ.स.) के हाथ में शपथ ली थी वे **भेरा** के हज़रत मौलवी नूरुद्दीन (र अ) थे जो बाद में वादा किए गए मसीह (अ.स.) के पहले ख़लीफ़ा - खलीफ़ातुलमसीह अव्वल बने ।

मॉरीशस और दुनिया के अन्य देशों में, यह ऐतिहासिक दिन के रूप में जाना जाता है: **"वादा किये गए मसीह दिवस"** और हम, अहमदी मुस्लिम, इस अवसर पर वादा किए गए मसीह (अ स) के जीवन और विशेष कार्य के पक्ष के बारे में बात करते हैं।

हज़रत मिर्ज़ा गुलाम अहमद (अ.स.) बर्लस नामक एक फ़ारसी कबीले के सदस्य थे। उनके पूर्वजों में से मिर्जा हादी बैग, जो अपने गृहनगर ,अपने कबीले समरकंद (खुरासान) से भारत में दो सौ लोगों के साथ बसने के लिए आए थे, जिसमें उनके परिवार और उनके कर्मचारी शामिल थे। वह एक बहुत महान व्यक्ति, विद्वान और धर्मनिष्ठ व्यक्ति थे । भारत उस समय के मुगल सम्राट बाबर के शासनकाल के अंतर्गत था , और सम्राट ने विशाल विस्तार ज़मीन मिर्जा हादी बैग को उनकी वफादार सेवाओं के लिए एक उपहार के रूप में दिया था।

इसके बाद मिर्जा हादी बैग ने इस विशाल भूमि का एक हिस्सा चुना, और अपने कबीले के साथ वहाँ बसने का फैसला किया। **उन्होंने तब एक शहर कि स्थापना की और उसका नाम इस्लामपुर रखा** और समय बीतने के साथ, इस्लामपुर नाम कई रूपों से गुजरा और इस्लामपुर कादी माझी के रूप में जाना

जाता था, और फिर बस कादी माझी, और फिर कादी में परिवर्तित हुआ, और आखिरकार इस शहर को **कादियान** के नाम से जाना जाता था।

वादा किए गए मसीह (अ.स.) के पैतृक दादा-परदादा मिर्ज़ा गुल मुहम्मद, जो अल्लाह के डर (तक़वा) से भरा एक धर्मनिष्ठ व्यक्ति था, और वह एक ईमानदार व्यक्ति के रूप में भी जाने जाते थे। **वादा किए गए मसीह (अ.स.) के दादा मिर्ज़ा अता मुहम्मद**, जो मिर्ज़ा गुल मुहम्मद के बेटे थे। और **वादा किए गए मसीह (अ.स.)के पिता मिर्ज़ा गुलाम मुर्तजा थे और उनकी माँ चिराग बीबी थी।** उनकी माँ अपने सत्कार के लिए जानी जाती थी और वह गरीबों के लिए अधिक देखभाल लेकर आयी थी।

विभिन्न गणनाओं के अनुसार, वादा किये गए मसीह (अ.स.) १३ फरवरी १८३५ (१४ शव्वाल १२५० हिजरी), शुक्रवार को सूर्योदय से पहले पैदा हुए थे। वह एक जुड़वां बहन के साथ पैदा हुए थे (जो नहीं बच पाई)। उनका जुड़वां जन्म इस्लामिक साहित्य में दर्ज किया गया था, इस तथ्य के बारे में कि वादा किये गए मेहदी एक जुड़वां के साथ पैदा होंगें।**(मुईउद्दीन इब्न अरबी द्वारा फ़ुसुस अल-हिकम)**।

बचपन से ही, वादा किए गए मसीह (अ.स.) को अपना समय बेकार की बातों में बर्बाद करना पसंद नहीं था और और वह उस शरारत से दूर रहा करते थे , जो उनके छोटे साथियों ने उनकी उम्र में की थी। उनकी शिक्षा के लिए, उनके माता-पिता ने तीन अलग-अलग अनुशिक्षक को घर पर एक के बाद एक कई विषयों में उन्हें शिक्षित करने के लिए लाए।

वादा किये गए मसीह (अ.स.) ने बहुत कम उम्र में शादी कर ली थी। जब वह केवल १५ वर्ष के थे उनकी पहली शादी मनाई गई थी। यह शादी उनकी ममेरी **हुरमत बीबी** के साथ माता पिता द्वारा तय किया गया था (वह उनकी माँ के परिवार से थी , हुरमत बीबी उनके मामा मिर्जा जमात बैग कि बेटी थी)। इस मिलन से दो पुत्रों का जन्म हुआ: **मिर्ज़ा सुल्तान अहमद और मिर्ज़ा फ़ज़ल अहमद**। जबकि मिर्ज़ा फ़ज़ल अहमद और मिर्ज़ा सुल्तान को अपने पिता के मुजद्दिद (सुधारक) के रूप में विश्वास नहीं था और अपने वक्त के वादा किये गए मसीह, अपने जीवन काल के दौरान , लेकिन यह केवल मिर्जा सुल्तान अहमद है जिन्हें अपने पिता की मृत्यु के बाद विश्वास प्राप्त हुआ, और प्रतिज्ञा कि निष्ठा (बैअत) ली और जमात अहमदिया में एकीकृत हुए अपने सौतेले भाई हज़रत मिर्ज़ा बशीरुद्दीन महमूद अहमद (र अ), से हाथ मिलाया, वह अहमदिया आंदोलन के दूसरे खलीफ़ा थे।

बहुत कम उम्र से ही , हज़रत मिर्ज़ा गुलाम अहमद (अ.स.) अपने एकांत से प्यार करते थे (अपने जीवन के अलगाव / तनहाई) और अपना अधिकांश समय अल्लाह की इबादत (दुआ) में लगा देते थे और प्रार्थना (सलाह) में या वह पवित्र कुरान के अध्ययन में डूब जाय करते थे । उनके पिता अपने बेटे की महान चिंता और धर्म के लिए मानसनिक व्यस्तता के बारे में अच्छी तरह जानते थे, लेकिन बहरहाल, वह पिता के रूप में अपने बेटे के भविष्य के लिए चिंतित थे, अगर वह उसकी मृत्यु के बाद मिलन कर सके। वह अपने वर्तमान के बारे में चिंतित नहीं था, क्योंकि जब तक वह, पिता जीवित रहेगा , यह वह है, जो अपने बेटे की देखभाल करेगा, लेकिन उसके मरने के बाद उसके बेटे का क्या होगा?

मिर्ज़ा गुलाम मुर्तज़ा अपने दोस्तों को इशारा करते हुए, अपने बेटे के बारे में, कहते है , की "मेरा यह बेटा एक "मसीतर' है (जो पंजाबी में कहते है: वह जो अपना अधिकांश समय मस्जिद में इबादत करके खर्च करता है)। वह नौकरी की तलाश नहीं करता है और अपनी जीविका के लिए कोई दिलचस्पी नहीं रखता है (खुद को आर्थिक रूप से समर्थन करने के लिए) ... "।

अगर वह लंबे समय तक जीवित रहता तो उसके लिए यह कितना बड़ा सम्मान होता, यह सबूत काफी है की अल्लाह ने कैसे बाद में अपने बेटे को चुना और उसे अपने समय का वादा किया गया मसीह और महदी बनाया!

जून १८७६ के सूर्यास्त के बाद वादा किए गए मसीह (अ स) के पिता की मृत्यु हो गई। उसी दिन , दोपहर के समय, वादा किए गए मसीह (अ.स.) को एक रहस्योद्घाटन प्राप्त हुआ, जहां अल्लाह ने उसे अपने पिता की निकटस्थ मृत्यु की सूचना दी। अत्यंत दुःख की इस स्थिति में, वह अपनी आजीविका के बारे में असुरक्षा की भावना से प्रभावित था (उसकी आर्थिक स्थिति) क्योंकि यह उनके पिता थे जो उनकी देखभाल करते थे और उन्होंने वह सब कुछ दिया जो उसे चाहिए था - पैसा, खाना और पीना - और फिर उसने सोचा अब उसके पिता के संसाधन जो वह अपने निपटान में डालता था, अब उपलब्ध नहीं होंगें और इसलिए गरीबी के दिन उसके लिए भविष्य में इंतेज़ार कर रहें है | तुरंत, उन्हें अल्लाह से एक रहस्योद्घाटन प्राप्त हुआ:

"अलैसल्लाहु बी -कॉफिन अब्दहु ?"

(क्या अल्लाह अपने नौकर के लिए पर्याप्त नहीं है?)

इस रहस्योद्घाटन ने उन्हें एक असाधारण आराम दिया और उन्हें उन चिंताओं से छुटकारा दिलाया और उनके मन को शांति दी, क्योंकि यह स्पष्ट था कि यह अल्लाह था, जो उसकी देखभाल कर रहा था और उनकी सभी समस्याओं से छुटकारा दिलाएगा।

वर्ष १८८२ में, उन्होंने एक दृष्टि में सज्जन और पवित्र पैगंबर हज़रत मुहम्मद (स अ व स) को देखा और यह तब था कि उन्हें पहला रहस्योद्घाटन अल्लाह द्वारा (उसके विषय में उद्घोषणा) प्राप्त हुआ, इस तथ्य से कि अल्लाह ने उन्हें चुना और उन्हें मुजद्दिद (सुधारक) के रूप में उभारा । तत्पश्चात् १८८९ में, हज़रत मिर्ज़ा गुलाम अहमद (अ.स.) ने अल्लाह पर विश्वास को पुनर्जीवित करने के लिए अहमदिया आंदोलन की स्थापना की और इस्लाम के खिलाफ बहस और इस्लाम की सभी शिक्षाओं के खिलाफ को तर्क से असत्य ठहराया। वह कुरान और मुसलमानों का रक्षक था, लेकिन दुर्भाग्य वश से मुसलमानों के बहुमत ने उनके मूल्य को नहीं पहचाना और उनके साथ नीच नामों से व्यवहार किया।

२६ मई १९०८ को लाहौर में उनका निधन हो गया और उनके पीछे एक उग्र जमात आ गई, जिन्होंने बाद में अपनी शिक्षाओं को सबसे अच्छे तरीके से प्रचारित करने के लिए लंबे समय तक संघर्ष किया। लेकिन दुर्भाग्य वश से, समय के साथ धीरे -धीरे इस जमात के लोग उनकी शिक्षाओं और अल्लाह से दूर चले गए और जो इस जमात के प्रधान पर हैं खुद को महाशक्ति रूप में ले लेते है और अपने उपदेशों की

झड़ी लगा दी और अल्लाह ने उनकी असीम कृपा से, एक और मुजद्दिद, और मसीह की परवरिश की वर्तमान युग पूरी दुनिया में सुधार लाने के लिए और इस्लाम के सम्मान की रक्षा करने के लिए, हज़रत मुहम्मद (स अ व स) और हज़रत मिर्ज़ा ग़ुलाम अहमद (अ.स.) , सेवक अल्लाह की श्रेष्ठता रखते हैं। अल्हम्दुलिल्लाह ।

अल्लाह हम सभी को इस्लाम के ध्वज के नीचे बने रहने में मदद करे और हमेशा अल्लाह के दूतों के सम्मान और अल्लाह के धर्म के सुधारकों की रक्षा करे। अल्लाह जमात उल साहिह अल इस्लाम के इस महान कार्य को पूरा करने में मदद करे , लोग हमेशा धर्मनिष्ठा और अल्लाह के भय के साथ इस चक्र में रहें ।

इंशा-अल्लाह, आमीन।